>

Title: Need to open a CGHS dispensary in Indore, Madhya Pradesh.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि इंदौर मध्य प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र है। जो व्यक्ति वहां आता है, वह वहीं रहना पसन्द करता है। वहां केन्द्र सरकार के सेवानिवृत कर्मचारी भी हजारों की संख्या में रहते हैं और केन्द्र सरकार के कई दफ्तर भी हैं। मैं कई सालों से सीजीएचएस की छोटी सी मांग कर रही हूँ मगर हर बार बजट की कमी कह कर टाल दिया जाता है। वे सभी वृद्ध लोग इस संबंध में मुझे सतत् फोन करते रहते हैं। मेरा आपसे हाथ जोड़ कर निवेदन है कि सीजीएचएस की एक छोटी सी डिस्पेन्सरी इन्दौर में उपलब्ध कराई जाए। अगर वह संभव नहीं है तो मैंने यह भी निवेदन किया था कि वहां के दो-तीन ऐसे हॉस्पीटल रिकग्नाइज़ किए जाएं, जहां पर वे लोग अपना इलाज करा सकें और उनको कुछ सुविधा उपलब्ध हो सके।